



13 DEC 2002
(1400)
मुरादाबाद

01DD 518656


दान पत्र (हिबा नामा) मालयती 9,25,143/- रूपये स्टाम्प 92,600/- रूपये

हम कि अशोक कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी मौहल्ला गांधी नगर मुरादाबाद प्रथम पक्ष व डा0 प्रमोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री कृष्ण कुमार मजकूर निवासी मौहल्ला गांधी नगर मुरादाबाद द्वितीय पक्ष हैं।

जो कि आराजी काश्त भूमिधरी गाटा संख्या 636 छः सौ छत्तीस रकबई 0.324 शून्य दशमलव तीन दो चार हेक्टेअर व गाटा संख्या 637 छः सौ सैंतीस रकबई 0.300 शून्य दशमलव तीन शून्य शून्य हेक्टेअर दो किते कुल रकबई 0.624 शून्य दशमलव छः सौ चौबीस हेक्टेअर खाता संख्या 29 उन्तीस




प्रमाणित फोटो







13 DEC 2008
(1408)
मुरादाबाद (1408)

01DD 518657

(2)

लगानी सालाना रूपये 15.40 पैसे वाकय ग्राम मंगूपुरा तहसील व जनपद मुरादाबाद का प्रथम पक्ष बहैसियत भूमिधर बिला शराकत दीगरे तन्हा मालिक व काबिज चला आता है, जिसमें प्रथम पक्ष के अतिरिक्त कोई भी अन्य व्यक्ति किसी भी प्रकार से भागीदार नही है, जो इस वक्त तक मिन्जानिब प्रथम पक्ष रहन, बय, जमानत, किफालत, कुर्की, नीलाम, हिबा, मुआयदा मौखिक अथवा लिखित व हर मुतालबात सरकारी व गैर सरकारी गर्ज कि हर नुक्स कानूनी व शास्त्री से पूर्ण रूप से पाक व साफ और बरी है, जिसकी बाबत समस्त अधिकार भूमिधराना व मालिकाना व हस्तान्तरण के प्रथम पक्ष को प्राप्त हैं, किसी भी प्रकार की कोई भी कानूनी बाधा नही है। उपरोक्त समस्त आराजी

Scanned by Scanner Go

भारतीय गैर न्यायिक

Rs 20000 रु

बीस हज़ार रुपये

RUPEES

20000

रुपये

INDIA NON JUDICIAL

13 DEC 2002

(1400)

मुरादाबाद (1400)

02CC 295348

(3)

काश्त रकबई 0.624 हेक्टेअर की बाजारी कीमत बमूजिब मूल्यांकन सूची जारी कर्दा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय जो दिनांक 01–8–2002 ई0 से प्रभावी हुई है परिशिष्ट– एक उपखण्ड घ पृष्ठ 36 क्रमांक 16 अंकन 6,00,000/– रूपये प्रति एकड़ से अंकन 9,25,143/– रूपये होती है। मुझ मुकिर प्रथम पक्ष के हकीकी भाई डा0 प्रमोद कुमार अग्रवाल द्वितीय पक्ष ने प्रथम पक्ष की बहुत सेवा की है और बहुत आज्ञाकारी रहा है और भविष्य में भी इसके आज्ञाकारी होने की आशा है। प्रथम पक्ष डा0 प्रमोद कुमार अग्रवाल से बहुत प्रसन्न है। अतः मुझ

Scanned by Scanner Go




13 DEC 2002
(1400)
मुरादाबाद (1400)

02CC 295349

(4)

प्रथम पक्ष ने उपरोक्त समस्त आराजी काश्त भूमिधरी को बहक डा0 प्रमोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी मौहल्ला गांधी नगर मुरादाबाद द्वितीय पक्ष दान (हिबा) कर दी, और अपने कब्जे व दखल मालिकाना व भूमिधराना से निकाल कर कब्जे व दखल मालिकाना व भूमिधराना द्वितीय पक्ष में दे दी, और कुल कीमत शय मौहूबा की बसिलसिले अन्जाम देही खिदमात व मौहब्बत बख्श दी आर और माफ कर दी, और द्वितीय पक्ष ने भी हिबा मजकूर को बशुखी व रजामन्दी अपनी कबूल व मन्जूर कर के शय मौहूबा पर उसी वक्त अपना व दखल मालिकाना व भूमिधराना कर लिया। अब शय मौहूबा का द्वितीय पक्ष तन्हा मालिक हो गया और उसको समस्त अधिकार मालिकाना व

Scanned by Scanner Go

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

24668

(5)

भूमिधराना व हस्तान्तरण आदि के प्राप्त हो गये। चुनाचे कब्जे और मिलकियत का बदला प्रथम पक्ष और द्वितीय पक्ष के मध्य अमल में आ गया। अब मुझ प्रथम पक्ष या उत्तराधिकारी या अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई वास्ता व ताल्लुक शय मौहूबा से या उसकी कीमत से कोई दावा किसी भी प्रकार से कुछ भी नही रहा और न भविष्य में होगा। द्वितीय पक्ष को सम्पूर्ण अधिकार

1000 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु.

Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत


एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

A-2002 24607

(6)

प्राप्त हो गये हैं कि शय मौहूबा से जिस प्रकार चाहे फायदा उठावे या किसी भी तरह हस्तान्त्रित करे, मुझ प्रथम पक्ष व वारिसान व कायम मुकामान को कभी कोई हक एतराज का नही होगा। अब द्वितीय पक्ष को अधिकार प्राप्त हैं कि वह कागजात सरकारी से प्रथम पक्ष का नाम खारिज कराकर अपना नाम दर्ज करा

Scanned by Scanner Go






ले, प्रथम पक्ष व वारिसान व कायम मुकामान को कोई उज्र व एतराज नही होगा। इस वास्ते यह हिबा नामा (दान पत्र) बहालत सेहत नफस व सबाते अकल बदुरुस्ती होश व हवास बिना किसी जब्र व किसी के बहक डा० प्रमोद कुमार अग्रवाल तहरीर कर दिया ताकि सनद रहे और वक्त जरूरत कामे आवे। फरकैन के फोटो को विनय कुमार गुप्ता कातिब ने सत्यापित किये हैं। जिसका नजरी नकशा संलग्न है। पक्षकारान अनुसूचित जाति एंव जन जाति के सदस्य

Scanned by Scanner Go

100Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. Rs 100

सत्यमेव जयते

भारत

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES



नही हैं। उक्त सम्पत्ति के 200 मीटर की परिधि में कृषि हो रही है जिस पर कोई पेड़, कूप, भवन व बोरिंग नही है। इति।

हस्ता0 Ashok Kumar

हस्ता0 [signature]

गवाह S. P. Agarwal S/o Late Shri Moolchand Parpat Sarai, Moradabad

गवाह मुबारक सिंह S/o श्री आनन्द सिंह ग्रा0 चौधरपुर डा0 व जि0 मुरादाबाद पाकबड़ा


हिबा नामा (दान पत्र) हाजा आज दिनांक 15–01–2003 ई0 बमुकाम मुरादाबाद बकिताबत विनय कुमार गुप्ता कातिब श्रीबालाजी कम्प्यूटर ग्राफिक्स कोर्ट प्रथम गेट मुरादाबाद के लिये राजीव नन्दन ने टाइप किया।

[signature] 15/1/2003

Rajeev Nandan

[signature]

Scanned by Scanner Go





NOT TO SCALE

नक्शा नजरी गाटा संख्या 636 रकबा 0-324 है० व गाटा संख्या 637 रकबा 0-300 है०

स्थित ग्राम मंगूपुरा परगना व जिला मुरादाबाद।

इकरारी :- श्री अशोक कुमार।

मौजूदा :- डा० प्रमोद कुमार




TRACED BY

Vinay Kum...

Draftsman

MORADABAD

Scanned by Scanner Go